HD-03

June - Examination 2026
B.A. (Part-II) Examination
हिन्दी साहित्य
हिन्दी गद्य भाग–II (नाटक एवं अन्य गद्य विधाएँ)
Paper : HD-03

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **70***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

   (i) 'कलाधर' के उपनाम से किस साहित्यकार को जाना जाता है?

   (ii) 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक के रूप में कौन प्रसिद्ध है?

   (iii) 'एकांकी' को परिभाषित कीजिए।

   (iv) तीन ललित निबंधकारों का नामोल्लेख कीजिए।

   (v) हरिशंकर परसाई के दो निबंध संकलनों के नाम लिखिए।

   (vi) 'घीसा' किस विधा की रचना है?

   (vii) 'कलम का सिपाही' किस लेखक की जीवनी है?

खण्ड–'ब' **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **7** अंक का है।

2. निम्नलिखित की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

''मनुष्य को सुख कैसे मिलेगा? बड़े–बड़े नेता कहते हैं, वस्तुओं की कमी है, और मशीनें बैठाओ, और उत्पादन बढ़ाओ, और धन की वृद्धि करो और बाह्य उपकरणों की ताकत बढ़ाओ। एक बूढ़ा कहता था – बाहर नहीं, भीतर की ओर देखो। हिंसा को मन से दूर करो, मिथ्या को हटाओ, क्रोध और द्वेष को दूर करो, लोक के लिए कष्ट सहो, आराम की बात मत सोचो, प्रेम की बात सोचो। उसने कहा – प्रेम बड़ी चीज है, क्योंकि वह हमारे भीतर है।''

3. निम्नलिखित की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

''साहब ने कुटिल मुस्कान के साथ कहा, मगर वज़न चाहिए। आप समझे नहीं। जैसे आपकी यह सुंदर वीणा है, इसका भी वज़न भोलाराम की दरखास्त पर रखा जा सकता है। मेरी लड़की गाना–बजाना सीखती है। यह मैं उसे दे दूँगा। साधू–संतों की वीणा से तो अच्छे स्वर निकलते हैं।''

4. नाटक में संकलन त्रयी के महत्व को रूपायित कीजिए।
5. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की कथावस्तु का सार लिखिए।
6. 'महाभारत की साँझ' के आधार पर दुर्योधन की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।
7. 'उत्साह' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।
8. 'यात्रा वृत्तान्त' को परिभाषित करते हुए प्रमुख यात्रा–वृत्तान्तों का परिचय दीजिए।
9. 'आलोचना' से क्या तात्पर्य है? हिंदी के प्रमुख आलोचकों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

खण्ड–'स' **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **14** अंक का है।

10. प्रगतिवादी आलोचना में डॉ. रामविलास शर्मा के योगदान पर एक निबंध लिखिए।
11. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में पात्र–योजना की विस्तार से समीक्षा कीजिए।
12. 'महादेवी वर्मा एक सफल संस्मरणकार हैं।' इस कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए।
13. निम्न में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए –

(i) रिपोर्ताज (ii) डायरी

(iii) रेखाचित्र (iv) ललित निबंध
